नव भारत

इंदौर, शनिवार 8 अगस्त 2015

# अभिभाषकों को बताए सायबर सुरक्षा के उपाय



**इंदौर, 7 अगस्त.** पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा ब्लेक रिबन इनिशिएटिव के तहत संचालित ''सहयोग'' अभियान की 106 वीं कार्यशाला का आयोजन इंदौर अभिभाषक संध म किया गया. इस कार्यशाला में उक्त संस्थान के 180 सदस्यों ने भाग लिया.

पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा इस अवसर पर न्यायपालिका, वकालात के क्षेत्र में कार्य करने वाले सदस्यों को वर्तमान में घटित होने वाले सायबर अपराधों की जानकारी दी गई. उनके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया व इंफार्मेशन टेक्नॉलाजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई. बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्राड व अन्य प्रलोभन देकर जो आधुनिक अपराध घटित हो रहे है, उनसे बचने के उपाय भी बताये गये. इसके अतिरिक्त सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग व पासवर्ड सुरक्षित रखने, सायबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया. वर्तमान समय में आमजन इंटरनेट् व व्हाट्स-अप पर कार्य कर रहे है. सभी प्रकार के बिलों का भुगतान, कोर्ट केसेस की प्रगति, एयर टिकिट, बस, ट्रेन टिकिट बुकिंग इत्यादि में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है, ऐसे में न चाहते हुए भी आमजन सायबर अपराध से पीड़ित हो रहे है.

## प्रशंसा पत्र दिया

कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने प्राप्त जानकारी को बहुत ही लाभकारी एवं उपयोगी बताया व श्री कपूर के इस स्वप्रेरित प्रयास की हृदय से प्रशंसा की एवं अभिभाषक संध के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गौड एवं अन्य परिषद के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे. इस अवसर पर संस्थान की ओर से श्री कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सुरक्षा मानकों को अपनाएं

श्री कपूर ने आगे संबोधित करते हुए बताया गया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिये सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में सायबर के शिकार होने से कैसे बचा जाए इसके सुरक्षा मानकों को भी अपनाया जाए. संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी श्री कपूर द्वारा बहुत ही सहजता से देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया.